पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल से मिले ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली</u>

लखनऊः 21 जुलाई, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से राजभवन में ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने शिष्टाचारिक भेंट की।

राज्यपाल ने कहा कि पांच सालों में प्रदेश की जनता से बहुत स्नेह और सहयोग मिला। उन्होंने ईदगाह कमेटी के कार्यक्रम की सराहना की कि सभी धर्म के लोग एक साथ कैसे आते हैं, कार्यक्रम उसका उदाहरण है। राज्यपाल ने मौलाना को कुरान शरीफ, गीता, बाईबिल, रामचरितमानस व अपनी पुस्तक 'चरैवेति!चरैवेति!!' की हिन्दी, उर्दू, अरबी व फारसी प्रतियाँ भी उपहार स्वरूप दीं।

मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने राज्यपाल की सराहना करते हुए कहा कि राज्यपाल से बहुत कुछ सीखने को मिला और सौहार्दपूर्ण संबंध कैसे निभाये जाते हैं वह सबके लिये अनुकरणीय है। उन्होंने प्रदेशवासियों की तरफ से राज्यपाल के सहयोग के लिये धन्यवाद दिया तथा आगे भी लखनऊ आते रहने का निमंत्रण दिया।

अंजुम/ललित/राजभवन (260/30)